आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पेंशनभागियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सभी पेंशन वितरण बैंकों के पेंशन पोर्टल को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल में एकीकृत किया जाएगा।
- समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण इकाई की ओर से चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में अवकाश शिविर का आयोजन किया गया।
- मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाने की टीम ने वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक किलो से अधिक गांजा ज़ब्त किया।
- अण्डमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधडी से बचने के लिए आम जनता के लिए परामर्श जारी किया है।
- विशाखापत्तनम यात्रा के लिए जलयान के टिकट आज बुक किए जा सकते है।

<><><><><><><>

पेंशनभागियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सभी पेंशन वितरण बैंकों के पेंशन पोर्टल को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल में एकीकृत किया जाएगा। पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव श्रीनिवास ने बैंक ऑफ इंडिया के एकीकृत पेंशनभागी पोर्टल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग ने पेंशनभोगियों के कल्याण को बढ़ाने के लिए कई पहल की है। डिजिटल सशक्तिकरण एक ऐसी पहल है और इसे डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र और भविष्य पोर्टल जैसे विभिन्न माध्यमों से कार्यान्वित किया जा रहा है, जो सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अपने कागजात ऑनलाइन दाखिल करने से लेकर इलैक्ट्रिॉनिक प्रारूप में पी.पी.ओ. जारी करने तक शुरू होता है।

पेंशनभोगियों को बैंकों से संबंधित समस्याओं जैसे बैंक बदलना, जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति, पेंशन पर्ची, फार्म–सोलह, पेंशन रसीद की जानकारी को कम करने के लिए पेंशन वितरण बैंकों की वेबसाइटों को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जो इन सेवाओं को एकल खिड़की से उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण इकाई की ओर से कल चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में अवकाश शिविर का आयोजन किया गया। पोर्ट ब्लेयर बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और कौशल विकास करने को कहा। चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धान्नद सरस्वती ने बच्चों से एकाग्रता के लिए ध्यान और योग करने की सलाह दी। आयुष की डॉ. रेखा ने बच्चों को पौष्टिक और उचित आहार लेने की आदत डालने को कहा। उन्होंने सुबह बच्चों से जल्दी उठकर पढ़ाई के साथ समय पर भोजन ग्रहण करने को भी कहा। गैर–सरकारी संगठन पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द ने बच्चों को अपने दैनिक जीवन को अनुशासित बनाने और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी।

<><><><><><><>

नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों से निपटने के लिए मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाने की टीम ने सी.आई.डी. के सहयोग से हाल ही में एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन को अंजाम दिया। खुफिया एजेन्सी से मिले सूचना के अनुसार थाना प्रभारी गिरीश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने पत्थर गडढ़ा निवासी विश्वजीत मण्डल नामक एक व्यक्ति को हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया गया। एन.डी.पी.एस. अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। आम जनता से अनुरोध है कि वे नशीली दवाओं की तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय आरक्षी वाहिनी और स्वास्थ्य विभाग की ओर से बटालियन मुख्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गैर–रोगाणुवाहक रोग की जांच की गई। मधुमेह, हृदय रोग से संबधित और अन्य बीमारियों की भी जांच की गई। तपेदिक की रोकथाम के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में भी बताया गया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर के दौरान इसके जरिए इलाज और लाभ के बारे मे बताया गया। धूम्रपान और तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे भी जानकारी दी गई। इस शिविर में छोलदारी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्निग्दा बिश्वास आयुर्वेद के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सहयोग प्रदान किए।

<><><><><><><>

वित्तीय साइबर धोखाघड़ी में एक नई प्रवृति देखी जा रही है, जहां अपराधी फर्जी नौकरी का एस एम एस भेजकर साइबर अपराध कर रहे है, जिसके लिए वे ऑनलाइन विज्ञापन देते है और दावा करते है कि वे नौकरियां प्रदान कर सकते हैं।, जिनमें घर से ही काम करके कम समय और मेहनत में अधिक पैसा कमाया जा सकता है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है, और आकर्षक रोजगार का झांसा देता है, और नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता हैं। धोखाधड़ी द्वारा भेजे गए एस एम एस, पीड़ित के पैसे और उनकी व्यक्तिगत जानकारी को निकालने के लिए ज्यादा वेतन वाली पार्ट टाइम नौकरियों की पेशकश करते हैं। इस संबंध मे अण्डमान निकोबार पुलिस ने परामर्श जारी करते हुए इस तरह के संदेशों की अनदेखी करने, ऑनलाइन रोजगार देने वाले कम्पनियों की सही से जांच करने, बिना जांच के भुगतान न करने की सलाह देते हुए किसी भी सहायता, जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर–1930 तथा पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने करदाताओं की कठिनाईयों को कम करने के लिए ट्रस्टों, संस्थानों और फण्डो द्वारा फार्म दस–ए, फार्म दस ए–बी दाखिल करने की समय सीमा तीस जून तक बढ़ा दी है। फार्म दस–ए भरकर पंजीकरण कराते है, जबकि फार्म दस –ए–बी का इस्तेमाल पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए किया जाता है। सी बी डी टी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फण्ड जिनके नवीनीकरण के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोर्ड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे। वे तीस जून के समय सीमा के भीतर आवेदन आयकर विभाग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दाखिल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप, एम.वी. कैम्पबेल–बे और सिंधु की मई–जून के यात्रा कार्यक्रम घोषित कर दिए गए है। एम.वी. स्वराजद्वीप चार मई को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा, चौदह मई को चेन्नई और पच्चीस मई को दोबारा विशाखापत्तनम के लिए छूटेगा। जून में यह जहाज पांच जून को चेन्नई तथा पन्द्रह और पच्चीस जून को विशाखापत्तनम जाएगा।

एम वी कैम्पबेल–बे तीन मई और पन्द्रह जून को ननकौड़ी और कैम्पबेल–बे होते हुए चेन्नई जाएगा, जबकि सिंधु चार मई और अट्ठारह जून को मायाबंदर, डिगलीपुर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। विशाखापत्तनम यात्रा के लिए टिकट आज और कोलकाता के लिए कल बुक किए जा सकते हैं। ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हर वर्ष असाधारण बहादुरी का योगदान देने वाले बच्चों के अलावा असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले युवाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हर वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक पांच वर्ष से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक, जो भारत में ही निवास करते हैं, वे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन स्वीकार करने के लिए पोर्टल एक अप्रैल से खुल चुकी है। इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक बच्चे इसमें आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के तिरूपति में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे अधिवेशन को संबोधित करने के समाचार को द डेली टेलीग्रम्स ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। अखबार ने आई.आर.बी.एन मुख्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने के समाचार को भी पहले पन्ने में जगह दी है। अनिम्स परिसर में टेलीमानस सेल की शुरूआत होने और टोल–फ्री नम्बर जारी करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीपसमूह के दूरदराज के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने के समाचार को अंडमान क्रोनिकल में जगह मिली है। द्वीपसमूह में तपती गर्मी से लोगों को दो–चार होना पड़ रहा है– द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की खबर है। आई पी एल से जुड़े समाचारों को द इंफो इंडिया और द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>